सराफा व्यापारी से लूट करने वाले तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

कौशाम्बी। कोखराज पुलिस ने शहजादपुर के समीप हुई एक मुठभेड़ में पुलिस ने सराफा व्यापारी से लूट करने वाले तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग के जवाब में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं, जिसमें एक इनामी-शातिर बदमाश रितेश के पैर में गोली लग गई। वहीं पुलिस ने घेराबंदी करके उसके दो अन्य साथियों सुनील और सूरज को धर दबोचा।

बीते १ अक्टूबर को कोखराज टोल प्लाजा के पास बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी सुरेश चंद्र सोनी को गन प्वाइंट पर लेकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद से ही क्षेत्र के व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त था और पुलिस पर घटना का पर्दाफाश करने का भारी दबाव था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में स्वाट टीम और कोखराज पुलिस लगातार संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सटीक सूचना और जांच के आधार पर पुलिस टीम को अपराधियों की मौजूदगी की भनक लगी। पुलिस टीम ने शहजादपुर के पास नाकेबंदी कर दी। तभी एक तेज रफ्तार संदिग्ध बाइक पर सवार तीन युवकों को पुलिस ने रोकने का इशारा किया। खुद को घिरता देख बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा नीयत से सीधी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस कर्मियों ने अपनी जान बचाते हुए त्वरित जवाबी कार्रवाई की। आत्मरक्षार्थ चलाई गई गोली फतेहपुर निवासी बदमाश रितेश के पैर में लगी और वह वहीं गिर पड़ा। इसके बाद पुलिस बल ने मुस्तैदी दिखाते हुए उसके दो साथियों, सुनील और सूरज को मौके से भागने का मौका दिए बिना दबोच लिया। पुलिस ने मुठभेड़ स्थल और गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में लूटा गया सोना-चांदी, नकदी, अवैध तमंचा, जिंदा व खोखा कारतूस तथा वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद करने का दावा किया है। घायल आरोपी रितेश को तुरंत एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा जानकारी दी गई कि बदमाशों ने चेकिंग के दौरान पुलिस टीम पर जानलेवा हमला किया था। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी घायल हुआ है और कुल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से सर्राफा व्यापारी से लूटा गया माल और अवैध असलहे बरामद हुए हैं। गिरोह के अन्य नेटवर्क और इसमें शामिल अन्य संभावित सहयोगियों का पता लगाने के लिए कड़ाई से पूछताछ की जा रही है। किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई के बाद स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास को खंगालने के साथ-साथ आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है।



पुलिस मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश को ले जाती पुलिस ।

पति ने घरेलू विवाद में पत्नी को पीटा,दी धमकी

चायल,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उजिहनी आइमा गांव में गुरुवार की सुबह पति ने घरेलू विवाद में पत्नी को जमकर पीट दिया। साथ ही उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी। पिटाई से उसको काफी चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल ने थाने जाकर आरोपी पति के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।उजिहनी आइमा गांव की मंजीता देवी पत्नी शिवचंद्र ने बताया कि उसका पति नशेड़ी प्रवृत्ति का है। घर में रखी गृहस्थी का सामान बेचकर शराब पी जाता है। वह किसी तरह मजदूरी कर बच्चों का पालन पोषण करती है। पति घर का खर्च चलाने के लिए पैसे भी नहीं देता।पैसे मांगने पर वह मारपीट करने पर आमादा हो जाता है।बुधवार की शाम घरेलू खर्च मांगने को लेकर उससे विवाद हुआ था। गुरुवार की सुबह वह सोकर उठा और नशा करने के लिये पैसे को लेकर उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उसने डंडे से उसकी पिटाई कर दिया। पिटाई से उसको काफी चोटें आईं। साथ ही उसे जान से मार डालने की धमकी भी दी। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।

जनगणना-२०२७ के द्वितीय चरण के लिए २८ फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

कौशाम्बी। भारत की जनगणना-२०२७ के द्वितीय चरण (जनसंख्या की गणना) के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए प्रथम बैच में चयनित २८ फील्ड ट्रेनरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आडिटोरियम, डायट में दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला जनगणना अधिकारी अपर जिला अधिकारी शालिनी प्रभाकर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

जिला जनगणना अधिकारी अपर जिलाधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना देश के सामाजिक, आर्थिक एवं जनसांख्यिकीय विकास की योजनाओं के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के दौरान एकत्रित होने वाली सूचनाओं की शुद्धता एवं विश्वसनीयता अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी फील्ड ट्रेनर प्रशिक्षण में निर्धारित प्रक्रियाओं, प्रपत्रों एवं तकनीकी पहलुओं को गंभीरता से समझें और प्रशिक्षण के उपरांत अपने-अपने क्षेत्रों में गणनाकारों एवं अन्य संबंधित कार्मिकों को प्रभावी ढंग से प्रशिक्षित करें। उन्होंने कहा कि फील्ड ट्रेनरों की भूमिका जनगणना कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण है। मास्टर ट्रेनर देवेश सिंह यादव एवं संदीप कुमार तिवारी द्वारा जनसंख्या गणना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, गणना की कार्यप्रणाली, आवश्यक सावधानियों तथा कार्मिकों की जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया जा रहा है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों को जनगणना-२०२७ के द्वितीय चरण में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड स्तर पर जनगणना कार्य में एकरूपता, पारदर्शिता एवं शुद्धता सुनिश्चित करना है। जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण में पूरी गंभीरता एवं सक्रियता के साथ प्रतिभाग करने तथा प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को फील्ड स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/नोडल अधिकारी प्रशिक्षण अरुण कुमार, जिला प्रभारी जनगणना राजकुमार, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी रविंद्र कुमार जयसवाल एवं जनगणना लिपिक सुनील कुमार उपस्थित रहे।



जनगणना प्रशिक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी।

सिराथू के लेखपालों ने आनलाइन कार्यों का किया बहिष्कार

कौशाम्बी। आठ सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की सिराथू इकाई ने आठ अक्तूबर गुरुवार से ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार शुरू कर दिया। लेखपालों ने सरकारी व्हाट्सएप ग्रुप छोड़ने के साथ आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र और वरासत से संबंधित ऑनलाइन कार्यों से दूरी बना ली है। लेखपाल संघ सिराथू की अध्यक्ष साधना सिंह और मंत्री शिव शंकर पाल ने बताया कि वेतन विसंगति, स्थानांतरण और पदोन्नति समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर लंबे समय से शासन स्तर पर मांग उठाई जा रही है। मांगों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से लेखपालों में नाराजगी है। इसी के चलते गुरुवार से ऑनलाइन कार्यों का बहिष्कार किया गया है। लेखपालों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो १७ अक्तूबर से प्रदेशभर के लेखपाल संपूर्ण कार्य बहिष्कार करेंगे। ऑनलाइन कार्यों के बहिष्कार से आय, जाति, निवास और वरासत से जुड़े प्रमाणपत्रों के निस्तारण पर असर पड़ने की संभावना है। संघ ने शासन से लंबित मांगों का जल्द समाधान कराने की मांग की है।

जल जीवन मिशन फेल, करोड़ों की परियोजना बनी शोपीस

कौशाम्बी। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीणों को घर-घर पानी पहुंचाने की योजना जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सवालों के घेरे में है। निखोदा गांव में कुछ घरों को छोड़ अधिकतर घरों में पानी की समस्या बनी हुई है। यही हाल डकशरीरा और अजरौली का भी है। जिम्मेदार हैं कि शासन का करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंचा पा रहे हैं

सरसवां ब्लाक क्षेत्र के निखोदा गांव में वर्ष २०२३ में पानी की टंकी और पंप हाउस का निर्माण जल जीवन मिशन अंतर्गत कराया गया। पांच करोड़ ८६ लाख ३९ हजार रुपये की लागत से तैयार पंप हाउस और पानी की टंकी ग्रामीणों के लिए महज शोपीस बनकर रह गई है। निखोदा समेत डकशरीरा व अजरौली गांवों के लोगों को उम्मीद थी कि योजना शुरू होने के बाद घरों तक पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुंचेगा। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद उन्हें पानी के लिए अब भी पुराने संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। सवाल उठता है कि हर घर नल से जल योजना के निर्माण से लेकर पल-पल की रिपोर्ट उच्चाधिकारी लेते रहे हैं। बावजूद इसके योजना आज तक परवान नहीं चढ़ सकी। इससे साफ है कि जिले के उच्चाधिकारी भी ठेकेदारों की हां में हां मिलाते हुए योजना का बंटाधार करने में जुटे थे। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से योजना की जांच कराकर जल्द जलापूर्ति शुरू कराने की मांग की है।

टिंकू पण्डा लगातार दूसरी बार बने मंदिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष



मंदिर समिमि का चुनाव जीतने के बाद खुशी जाहिर करते पदाधिकारी ।

कड़ा,कौशाम्बी। शक्तिपीठ कड़ाधाम मंदिर प्रबंध समिति के द्विवार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को गहमागहमी के बीच मतदान और मतगणना की प्रक्रिया हुई।सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सुबह ८ बजे से शुरू हुआ मतदान शाम ५ बजे तक चला। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू हुई जो अंतिम परिणाम घोषित होने तक जारी रही।इस बार चुनाव में ४७ प्रत्याशियों ने विभिन्न पदों पर अपनी दावेदारी पेश की थी जिससे चुनावी मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, निरीक्षक और उपमंत्री पद पर मतदान हुआ जबकि सदस्यों का चुनाव लकी ड्रा द्वारा किया गया। सदस्य पद पर कुल २९ प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया जिसमें ९ सदस्य लकी ड्रा द्वारा चुने गए। ६१० मतदाताओं के सापेक्ष ५४९ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना के पश्चात आए परिणाम में अध्यक्ष पद पर टिंकू पण्डा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी डमरू पण्डा को ६२ मतों से शिकस्त दी। टिंकू पण्डा को २३७ मत प्राप्त जबकि डमरू पण्डा को १७५ मत प्राप्त हुए। वहीं भुक्कड़ पण्डा को ६१, प्रभाकर ५०, विनोद को १४ मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर अमन १८२ मत पाकर विजयी हुए जबकि महामंत्री पद पर निवर्तमान महामंत्री जुगेश पण्डा को १७ मतों से पराजित कर अर्जुन महामंत्री बने।उपमंत्री पद पर आदित्य पण्डा ने ६१ मतों से अश्वनी को मात दी।कोषाध्यक्ष पद पर अजय कुमार विजयी रहे उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रितिक को २६ मतों से शिकस्त दी।वहीं निरीक्षक पद पर शुभम ने बाजी मारी।चुनाव प्रबन्ध समिति द्वारा विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र दिया गया।सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पूरा धाम परिसर छावनी में तब्दील रहा।

वायरल फीवर से बचाव के लिए बरतें सावधानी

कौशाम्बी। मौसम में बदलाव से वायरल फीवर, सर्दी और खांसी के मरीज बढ़ रहे हैं। सीएचसी कड़ा के अधीक्षक डॉ. मो. सऊद ने बताया कि संक्रमित व्यक्ति से परिवार के सदस्य भी बीमार हो सकते हैं। उन्होंने घर से बाहर मास्क लगाने, हाथों को सैनिटाइजर से साफ करने और घर लौटकर साबुन से हाथ धोने की सलाह दी। संक्रमित मरीज को अलग कमरे में रखें। उसे पर्याप्त साफ पानी दें और ठंडी चीजों, कोल्ड ड्रिंक, बासी और बाजारू खाद्यय पदार्थों से बचाएं।

पांच बकरे चोरी, दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

कड़ा,कौशाम्बी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दौलतपुर कसार गांव निवासी मो अब्दुलहफीज पुत्र अब्दुल रज्जाक ने कड़ा धाम पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि पांच अक्टूबर की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा उसकी तीन बकरी व दो बकरा चोरी कर फरार हो गए, काफी खोजबीन के बाद भी बकरों का पता नहीं चला। पीडित की शिकायत पर कड़ा धाम पुलिस ने दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है। पुलिस का कहना है, कि जल्द ही कारवाई किया जायेगा।

स्वास्थ्य संविदा कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर शुरू किया अनिश्चितकालीन हड़ताल



अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे संविदा स्वास्थ्य कर्मी ।

कौशाम्बी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ, जनपद कौशाम्बी के आह्वान पर जिला मुख्यालय स्थित डायट मैदान में एनएचएम संविदा कर्मचारियों का तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन आज शुरू हुआ। धरने में जनपद के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं अस्पतालों से बड़ी संख्या में एनएचएम संविदा कर्मचारी शामिल हुए। कर्मचारियों ने नियमितीकरण, समान कार्य-समान वेतन, मानदेय में वृद्धि, सेवा सुरक्षा, स्थानांतरण नीति, महिला कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश सहित विभिन्न मांगों को लेकर सरकार के समक्ष अपनी आवाज बुलंद की। कर्मचारियों ने कहा कि एनएचएम कर्मी लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण सेवाओं में पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं, लेकिन उनकी सेवा एवं भविष्य से जुड़ी समस्याओं का अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। धरने के दौरान कर्मचारियों ने एकजुट होकर संविदा नहीं—स्थायीकरण हमारा अधिकार सहित विभिन्न नारों के साथ अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया।

धरने के दौरान व्यापार मंडल कौशाम्बी की टीम भी धरना स्थल पर पहुंची और एनएचएम संविदा कर्मचारियों के आंदोलन को अपना समर्थन दिया। व्यापार मंडल की ओर से मंच पर समर्थन पत्र सौंपा गया तथा ०८ से १० अक्टूबर तक चलने वाले तीन दिवसीय धरने की आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी अपने कंधों पर लेने की घोषणा की गई। इस अवसर पर व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रमेश अग्रहरी, प्रवेश केशरवानी, अंशुल केशरवानी, पवन, विपिन गोलू एवं हर्ष केशरवानी मौजूद रहे। व्यापार मंडल के इस समर्थन से एनएचएम कर्मचारियों में उत्साह देखने को मिला। कर्मचारियों ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। धरने में मंडल अध्यक्ष अवनीश मिश्रा, जिलाध्यक्ष डा० अरुण केसरवानी, जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह परमार, सोनल बाला, रोहिणी त्रिपाठी, संगठन मंत्री रीना, नरेंद्र द्विवेदी, मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह 'डब्बू' तथा आउटसोर्सिंग टीम से विनय कुमार सहित संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में एनएचएम संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि ०८ से १० अक्टूबर तक जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। इसके बाद भी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने की स्थिति में १२ अक्टूबर से लखनऊ में व्यापक एवं अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। संघ ने प्रदेश सरकार से अपील की कि एनएचएम संविदा कर्मचारियों की जायज मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर उन्हें सम्मानजनक एवं सुरक्षित भविष्य प्रदान किया जाए, जिससे कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में अपना योगदान जारी रख सकें।

वृद्धा से दुराचार का प्रयास नकदी एवं जेवरात भी लूटा

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की वृद्ध असहाय महिला के साथ दबंग ने दुराचार का प्रयास किया। विरोध करने पर महिला को मारपीट कर उसका २० हजार रुपये व पायल लूटकर आरोपी भाग निकला। जांच के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी उम्र लगभग ६५ साल है। उसके पति का देहांत हो चुका है। बच्चे भी नहीं हैं। वह किसी तरह अकेले गुजर-बसर कर रही है। बताया कि चार अक्तूबर को वह घर पर थी। इसी दौरान धनाजी का पुरा गांव का सुनील कुमार आ गया। आते ही उसने उसको पकड़ लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर मारपीट करते हुए ड्रम में रखा उसका २० हजार रुपया नकद व पैर में पहनी चांदी की पायल उतारकर भाग निकला। भागते समय आरोपी ने शिकायत करने पर उसको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच की। जांच के बाद बुधवार की देर रात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

शांतिभंग में नौ का चालान

कौशाम्बी। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मारपीट कर शांतिभंग करने वाले नौ अभियुक्तो को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिखा पढी कर न्यायालय के लिए चालान कर दिए। पुलिस की इस कारवाई से हडकंप मचा है।

तीन महीने से अंधेरे में रहने के लिए मजबूर उपभोक्ता

चायल,कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश सरकार और पावर कॉरपोरेशन के २४ घंटे निर्बाध बिजली और तत्काल ट्रांसफार्मर बदलने के ढोल-धमाकों की हवा कौशाम्बी में निकल चुकी है। मंझनपुर वर्कशॉप और पैगंबरपुर पावर हाउस की घोर प्रशासनिक लापरवाही और सांठगांठ का खमियाजा आम जनता अपनी जेब और चैन गंवाकर भुगत रही है। विभागीय अफसरों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की संवेदनहीनता का आलम यह है कि काजीपुर सैय्यद सरावां की एक महिला उपभोक्ता पिछले तीन महीनों से लगातार अंधेरे में जीने को मजबूर है लेकिन साहबान कुंभकर्णी नींद सो रहे हैं।

काजीपुर सैय्यद सरावां निवासी पीडिता दयावती के घर और दुकान का १० किलोवाट क्षमता का ट्रांसफार्मर बीते तीन महीनों से फुंका पड़ा है। घर के साथ-साथ दुकान की बिजली सप्लाई बंद होने से उनका दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है और रोजगार पूरी तरह ठप पड़ा है। इस भीषण दौर में दुकानदारी बंद होने से परिवार के समक्ष गहरा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पीडिता का आरोप है कि बीते तीन महीनों में वे अनगिनत बार मंझनपुर वर्कशॉप और पैगंबरपुर पावर हाउस की चौखट घिस चुकी हैं। भारी मशक्कत और मिन्नतों के बाद मंझनपुर वर्कशॉप से दो बार ट्रांसफार्मर भेजा भी गया लेकिन पैगंबरपुर क्षेत्र के लाइनमैन राकेश द्वारा जैसे ही ट्रांसफार्मर टांगा गया बिजली आपूर्ति शुरू होते ही वह धू-धू कर जल गया। वर्कशॉप से बार-बार खराब व गुणवत्ताहीन ट्रांसफार्मर भेजा जाना सीधे तौर पर मरम्मत के नाम पर हो रहे बड़े खेल और विभागीय भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। विभागीय लापरवाही का स्तर यह है कि पीडिता ने बिजली विभाग के आपातकालीन नंबर १९१२ से लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६ तक गुहार लगाई। पैगंबरपुर पावर हाउस के एस डी ओ व कनिष्ठ अभियंता और मंझनपुर वर्कशॉप के जिम्मेदार अधिकारियों को बार-बार फोन कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। इसके बावजूद महीनों बीत जाने के बाद भी विभागीय अफसरों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। महीनों से अंधेरे में रात गुजार रही पीडिता बिजली महकमे की इस हठधर्मिता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली को लेकर भारी आक्रोश है। पीडिता और पड़ोसियों ने पावर कॉरपोरेशन के उच्च अधिकारियों एवं शासन से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए काजीपुर सैय्यद सरावां में नया व मानक के अनुरूप ट्रांसफार्मर लगवाया जाए। साथ ही घटिया ट्रांसफार्मर भेजने वाले वर्कशॉप कर्मचारियों और लापरवाही बरतने वाले लाइनमैन व जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

बेहोश मिला अज्ञात युवक, हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के पेरई गांव स्थित एक निजी अस्पताल के समीप गुरुवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब एक अज्ञात युवक बेसुध हालत में सड़क किनारे पड़ा मिला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से युवक को सीएचसी चायल में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है।

गुरुवार की दोपहर पेरई गांव स्थित निजी अस्पताल के पास से गुजर रहे राहगीरों की नजर सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़े एक लगभग २५ से ३० वर्ष के युवक पर पड़ी। युवक काफी देर से बेसुध पड़ा था। राहगीरों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पिपरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए १०८ एंबुलेंस की मदद से युवक को चायल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सीएचसी में मौजूद चिकित्सकों ने युवक का तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया लेकिन उसकी सेहत में कोई सुधार नहीं हुआ। युवक की अति-संवेदनशील एवं चिंताजनक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मंझनपुर स्थित जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस प्रशासन के अनुसार युवक शारीरिक रूप से इतना अशक्त एवं अचेत है कि वह अपना नाम पता या घटना के संबंध में कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है। पुलिस आसपास के गांवों के लोगों तथा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। इसके साथ ही नजदीकी थानों में भी युवक की हुलिए की जानकारी साझा की गई है ताकि जल्द से जल्द उसके परिजनों की तलाश कर घटना की सूचना दी जा सके।

वोट चोरी के आरोपों को लेकर कांग्रेस का विरोध मार्च, सौंपा ज्ञापन

जिला मुख्यालय मंझनपुर में गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय के नेतृत्व में वोट चोरी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विरोध मार्च आयोजित किया गया। विरोध मार्च ओसा चौराहे से रैन बसेरा आंबेडकर प्रतिमा तक निकाला गया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सत्ता संरक्षित ज्ञानेश कुमार ने जनता के साथ धोखा किया है। उन्होंने बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा में लोगों के वैध नामों को काट दिया और सीधे तौर पर भाजपा को लाभ पहुंचाया और उनकी सरकार बनवाने का काम किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कई बार प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से ज्ञानेश कुमार की पोल खोली।

इतना ही नहीं, खुद ज्ञानेश कुमार के सहयोगियों ने भी इसका पर्दाफाश किया। इंडिया गठबंधन के हमारे नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में दिल्ली में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन भाजपा के इशारे पर हमारे नेताओं के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। हमारे नेताओं ने जनता की आवाज उठाई है और हम उसे कमजोर नहीं होने देंगे। इसी क्रम में कांग्रेस ने मार्च निकालकर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की है। लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने के लिए कांग्रेस जनता के साथ खड़ी है। प्रदर्शन में प्रभारी कौशाम्बी राजेश साहनी आदि मौजूद रहे।

नवरात्र नजदीक आते ही सजने लगे पण्डाल, तैयारी शुरू



मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देता कलाकार ।

कौशाम्बी। नवरात्रि नजदीक आते कस्बे में तैयारियां तेज हो गई हैं। कस्बे में जगह-जगह दुर्गा पूजा के पंडाल सजाने की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं कलाकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने के साथ ही रंग भरने में जुटे हुए हैं।

सराय अकिल कस्बे में इस बार नवरात्रि पर १५ से अधिक दुर्गा पूजा पंडाल सजाए जाने की संभावना है। अलग-अलग स्थानों पर एक से बढ़कर एक आकर्षक पंडाल तैयार किए जाएंगे। पंडाल समितियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। ११ अक्टूबर से नवरात्रि का शुभारंभ होगा। नवरात्रि के दौरान कस्बे में धार्मिक कार्यक्रमों और पूजा-अर्चना का दौर चलेगा। वहीं दो दिवसीय दशहरा मेला २० व २१ अक्टूबर को सराय अकिल कस्बे में दशहरा मेला आयोजित किया जाएगा, इस बार मेले में रोशनी से कस्बा जाएगा जिसको लेकर भी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कस्बे में जगह-जगह दुर्गा पूजा के पंडाल सजाने की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं कलाकार मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने के साथ ही रंग भरने में जुटे हुए हैं।

इसी प्रकार जिले भर में माता की स्थापना करने व विधि विधान से पूजा अर्चना करने के लिए भक्तो द्वारा पूरी तैयारी शुरू कर दिया गया है, जिससे मां की प्रतिमा की स्थापना किया जा सके। लोगों का कहना है, कि समय नजदीक आ जाने की वजह से सभी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है, जिससे मां की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ लाने के बाद विधि विधिविधान से पूजा अर्चना कर सके, भरवारी करारी मंझनपुर पश्चिम शरीरा, पूरामुफ्ती आदि शहरो व गांवों में सभी तैयारियों में जुटे है।

जनता दर्शन के समय कार्यालय नहीं पहुंचते ब्लाक के अधिकारी

कौशाम्बी। शासन ने जिला, तहसील व ब्लाक मुख्यालय के अफसरों को सुबह दस से १२ बजे तक जनता दर्शन करने और इसके बाद क्षेत्र में पहुंचकर समस्याओं का निराकरण करने का आदेश दे रखा है। बावजूद इसके सरसवां ब्लाक के अधिकारी अपनी-अपनी ढफली, अपना-अपना राग अलाप रहे हैं। कुछ ऐसा ही नजारा गुरुवार को ब्लॉक कार्यालय में तैनात अधिकारियों के कार्यालयों में देखने को मिला। सरसवां ब्लाक कार्यालय में गुरुवार को कई अधिकारी नदारद रहे। बीडीओ प्रदीप कुमार मौर्य की कुर्सी १०:२९ बजे खाली रही तो प्रभारी एडीओ पंचायत मार्तंड सिंह १०:१७ बजे तक कार्यालय नहीं पहुंच सके थे। इसी तरह एडीओ पंचायत समाज कल्याण उमेश कुमार ११ बजे तक कार्यालय नहीं पहुंच सके थे। सभी ब्लाक के स्टाफ सहित कई जिम्मेदार अधिकारी अपने कार्यालयों में मौजूद नहीं मिले। इतना ही नहीं पशु चिकित्सा अधिकारी का कक्ष की कुर्सी भी १०:५० खाली रही। अधिकारियों की गैरमौजूदगी के कारण ब्लाक पहुंचे ग्रामीणों और फरियादियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जरूरी काम के लिए पहुंचे लोगों को घंटों इंतजार के बाद वापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कार्यालय में अधिकारियों की नियमित अनुपस्थिति से सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कराकर कार्यालय में अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है। मामले में जब बीडीओ प्रदीप कुमार मौर्य से पूछा गया तो उनका कहना था कि समय से कार्यालय न पहुंचने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया जाएगा। लेकिन वह स्वयं कार्यालय समय से क्यों नहीं पहुंच सके इस बाबत कोई जवाब नहीं दे सके।

स्वास्थ्य शिविर में किया गया श्रमिकों का स्वास्थ परीक्षण



स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते श्रमिक ।

कौशाम्बी। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार गुरूवार को मेसर्स सरस्वती मोटर्स एजेंसी, सिराथू रोड, मंझनपुर में श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं कल्याणार्थ श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल ४५ श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें ३६ पुरुष एवं ०९ महिला श्रमिक शामिल रहे। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान ०५ श्रमिकों की त्वचा संबंधी जांच, २० की नेत्र जांच,१० की एनीमिया जांच तथा १० श्रमिकों की शुगर जांच की गई। इसके साथ ही खांसी, जुकाम एवं बुखार संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया तथा श्रमिकों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड तथा श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही १० श्रमिकों का पंजीकरण एवं ०७ श्रमिकों का नवीनीकरण कराया गया।

नवरात्र बाद होगा मां शीतला मंदिर प्रबंध समिति का शपथ ग्रहण

शक्तिपीठ कड़ाधाम में बुधवार शाम मां शीतला मंदिर प्रबंध समिति का द्विवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव के विजेता पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण नवरात्र बाद होगा। चुनाव में विजयी पदाधिकारियों को परंपरा के अनुसार पदभार ग्रहण करने से पहले शपथ दिलाई जाती है। अध्यक्ष आत्म प्रकाश पंडा ने बताया कि ११ अक्तूबर से नवरात्र का पावन पर्व शुरू हो रहा है। नवरात्र मेले में देश प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के धाम पहुंचने की संभावना है। ऐसे में भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था, मंदिर की सजावट होगी।